01/06/2019

To,
Bombay Stock Exchange Limited
Floor 1, Phiroze Jeejeeboy Towers
Dalal Street
Mumbai-400 001

Dear Sir/ Madam,

**Reference: Scrip Code-533268**

**Sub: Submission of Newspaper Publication of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31/03/2019 both Standalone and Consolidated.**

Pursuant to the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the Newspaper published copies of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31/03/2019 both Standalone and Consolidated published today i.e. 01st June 2019 which were approved at the Board Meeting of the Company held on Thursday i.e. 30th May 2019 at the registered office of the company.

These Results was published in the newspaper "The Financial Express "and "The Sea Express"

You are requested to take the above information in your records.

Thanks & Regards

For **SEA TV NETWORK LIMITED**

For Sea TV Network Limited

Company Secretary

Vandana Rathore
(Company Secretary & Compliance Officer)

THE SEA EXPRESS

बिजनेस Corporate

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, वायदा कारोबार में सोने का भाव तेज

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मोदी सरकार के नए वित्त मंत्री को लेकर शुक्रवार सुबह से ही कयासबाजी शुरू हो गई। इसे लेकर निवेशकों में भी उत्साह दिखा और कारोबार के कुछ ही समय बाद सेंसेक्स एक बार फिर 40 हजार के आंकड़े को पार कर गया। हालांकि, वित्त मंत्री के रूप में अनुमान से परे निर्मला सीतारमण का नाम सामने आते ही निवेशकों में खलबली मच गई और बाजार में भारी गिरावट दिखी। दरअसल, निवेशकों को सुबह से ही वित्त मंत्री के रूप में पीयूष गोयल या अमित शाह के नाम का खुलासा होने की उम्मीद थी। इसी उत्साह में बैंकिंग और ऑटो सेक्टर में जमकर खरीदारी हुई। कारोबार के दौरान 11.40 बजे सेंसेक्स और निफ्टी दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इस दौरान सेंसेक्स ने 40,122 और निफ्टी ने 12,039 का आंकड़ा छुआ। लेकिन जैसे ही वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण के नाम का खुलासा हुआ, निवेशकों में अनिश्चितता आ गई और उन्होंने मुनाफावसूली शुरू कर दी। इससे सेंसेक्स अचानक 700 अंकों से ज्यादा लुढ़क गया। बाद में इसमें सुधार आया और सेंसेक्स 118 अंकों की गिरावट के साथ 39,714 पर बंद हुआ।

# एमवे ने एटीट्यूड कलर्स की नई श्रृंखला की लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे इंडिया ने अपने कलर कस्मेटिक्स पोर्टफोलियो के तहत एटीट्यूड कलर्स की एक नई रेंज लन्च की है। चटख रंगों के साथ कई तरह के मूड को अपनाते हुए एटीट्यूड कलर कस्मेटिक्स के 14वें संस्करण में नेल इनैमल्स के 6 उज्ज्वल रंग हैं। इसके साथ मैट और क्रेम लिपस्टिक के प्रत्येक के 5 बेहद आकर्षक नए शेड्स शामिल हैं। हाल ही में लन्च की गई इस एटीट्यूड कलर्स रेंज में एटीट्यूड लिपस्टिक ट्रेवल पैक भी शामिल है, जो किसी की भी यात्रा संबंी योजनाओं में स्टाइल के साथ सुविाा का भी समावेश करता है।

नई कलर्स रेंज के लन्च की घोषणा करते हुए एमवे इंडिया के चीफ मार्केटिंग अफिसर संदीप शाह ने कहा, भारतीय सौंदर्य प्रसाान बाजार वर्तमान में 7,000 करोड़ रुपए की जबर्दस्त विकास क्षमता हासिल करने की स्थिति में है। उक्त श्रेणी में अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने और युवा उपभोक्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए हमने अपने स्वदेशी रूप से विकसित एंट्री-लेवल प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड 'एटीट्यूड' के तहत नई पीढ़ी के समाानों के साथ अपनी पेशकशों का विस्तार करना जारी रखा है, जो आज की उन युवा महिलाओं की पसंद हैं, जो किसी और के विचार के हिसाब से नहीं चलना चाहतीं, जैसे कि वे कौन हैं, उन्हें क्या करना चाहिए और उन्हें कैसा होना चाहिए इत्यादि। चीजों को लेकर उनका अपना नजरिया है। एटीट्यूड प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तहे-दिल से उन महिलाओं का समर्थन करता है, जो रूढ़िवादिता की मुश्किलों से ऊपर उठ चुकी हैं और जीवन को भरपूर जीने तथा अपने खुद के बनाए रास्ते पर चलने में सफल रही हैं। लन्च पर टिप्पणी करते हुए एमवे इंडिया की कैटेगरी हैड - ब्यूटी एंड पर्सनल केयर अनीशा शर्मा ने कहा, वर्षों की शोा ने साबित किया है कि रंगों का भावनाओं के साथ एक अनोखा जुड़ाव होता है, जो विभिन्न प्रकार के मूड को जन्म देता है। नई एटीट्यूड कलर रेंज में पहले से कहीं ज्यादा आकर्षक और जीवंत रंग हैं, जो हर तरह के मूड के साथ प्रयोग किए जा सकेंगे। शानदार और उज्ज्वल रंग की यह विस्तृत विविता किसी के भी सम्पूर्ण लुक को एक विशेष आकर्षण प्रदान करने को अपना लक्ष्य बनाती है। अपने उपभोक्ताओं को और अाकि संलिप्त करने के लिए हम विभिन्न प्रकार के अनुभवात्मक सत्रों का आयोजन कर रहे हैं, जहां वे विभिन्न अवसरों और मूड्स के लिए नए लुक्स बनाना सीख सकते हैं। इसके अलावा हमने एक मूड और लुक बुक भी तैयार की है, जो अलग-अलग लुक्स दिखाती है और उन्हें बनाने के तरीके भी दर्शाती है।

# ग्रेटर नोएडा से जेवर हवाईअड्डा को मेट्रो रेल से जोड़ने की घोषणा की




एजेंसी

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा और जेवर हवाईअड्डा को 2023 तक मेट्रो रेल से जोड़ने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। प्राधिकरण ने ह्यईस्टर्न पेरीफेरल हाईवेह्न को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए एक सड़क के लिए83.94 करोड़ रुपए भी आवंटित किए।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण वीर सिंह ने प्राधिकरण की 65 वीं बोर्ड बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमने मेट्रो परियोजना 2023 तक पूरी करने के लिए एक समय सीमा तय की है। इस परियोजना में 7,000 करोड रुपए की लागत आएगी और प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक के दौरान अपने सालाना बजट से 500 करोड़ रूपया आवंटित किया है।

सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। इसके लिए दिल्ली-मेरठ के बीच प्रस्तावित रैपिड रेल को भी दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशन से जेवर की लाइन से जोड़ा जाएगा।

## कमजोर वैश्विक रुख से वायदा कारोबार में सोने के भाव में दिखी तेजी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर स्थिर रुख के चलते सटोरियों के सौदे बढ़ाए जाने से शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोना 143 रुपये बढ़कर 31,952 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जून महीने की डिलीवरी वाला सोना 143 रुपये यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 31,952 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसमें 1,870 लॉट का कारोबार हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि प्रतिभागियों के सौदे बढ़ाने से वायदा कारोबार में सोना तेजी में रहा। न्यूयॉर्क में सोना 0.51 प्रतिशत बढ़कर 1,299 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## कर अधिकारियों ने पकड़ी फर्जी बिलों के जरिए 1537 करोड़ की जीएसटी चोरी

**नई दिल्ली।** गुजरात के भावनगर में कर अधिकारियों ने 1537 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी है। इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह लोग फर्जी बिल बनाकर जीएसटी की चोरी करते थे और इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ भी लेते थे। इससे सरकार को भी चूना लगा है। पहली बार राज्य में इतनी बड़ी जीएसटी की चोरी पकड़ी गई है।

खुफिया सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर केंद्रीय जीएसटी आयुक्त ने पूरे राज्य में छापेमारी करके 150 शैल कंपनियों का पता लगाया, जिनके नाम पर जीएसटी के फर्जी बिल बनाए जा रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक करीब 1324 करोड़ रुपये के फर्जी बिल तैयार किए गए। अभी इन 150 शैल कंपनियों के बारे में अधिकारी जांच कर रहे हैं।

इन फर्जी बिलों की मदद से 213 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ भी लिया गया था। इस फजीर्वाड़े में शामिल सज्जादहुसेन अबीदाली पंजनी, अफजल सतारभाई गोरी और नेविल अशोकभाई शुक्ला को हिरासत में लिया गया है।

## नई सरकार को विनिवेश, रोजगार सृजन और कृषि पर ध्यान देने की जरूरतः गोपालकृष्णन



**हैदराबाद।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के दिग्गज एस. गोपालकृष्णन ने नयी सरकार के लिये विनिवेश, नया कारोबार शुरू करने को अनुकूल बनाने तथा किसानों को एक उद्यमी के तौर पर परिवर्तित करने की तीन प्राथमिकतायें गिनाई हैं। इंफोसिस के संस्थापक रह चुके गोपालकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार को सुधार का कार्यक्रम जारी रखना चाहिए तथा राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान देना चाहिए।

सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विनिवेश संभवतः उन प्राथमिकताओं में से एक होगा जिसे सरकार को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षता बढ़ाना, सरकार का राजस्व बेहतर करने तथा खर्च में कमी लाने के लिए विनिवेश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप को समर्थन देने वाली नीतियां निश्चित तौर पर जारी रहनी चाहिए।

गोपालकृष्णन ने कहा कि हमें निश्चित तौर पर कारोबार को सुगम बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेलंगाना और कर्नाटक ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि हमें अब यह देखने की जरूरत है कि हम कैसे इसे अन्य राज्यों तक पहुंचा सकते हैं, विशेषकर पूर्वी और उत्तर पूर्वी राज्यों में। ऐसा इसलिए कि हमें पूरे देश भर में, यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट स्टार्टअप पारिस्थितिकी की जरूरत है। गोपालकृष्णन ने कहा कि सिर्फ स्टार्टअप ही नहीं बल्कि नये कारोबार के सृजन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

## रेपो रेट में चौथाई फीसद की कटौती कर सकता है आरबीआई विशेषज्ञों ने जताई उम्मीद



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, मार्च 2019 वाली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में सुस्ती की संभावना है। इस कारण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (फ्इक) जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 25 आधार अंकों यानी चौथाई फीसद की कटौती कर सकता है। डीबीएस ग्रुप की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी के आस-पास रहेगी जबकि, पिछले साल इसी तिमाही की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी रही थी। इस तरह यह पिछली सात तिमाहियों में सबसे कम आर्थिक वृद्धि दर होगी।

भारतीय रिवर्ज बैंक 6 जून को चालू वित्त वर्ष के लिए अपनी दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करने वाला है। यह लोकसभा चुनावों के बाद रिजर्व बैंक की पहली नीतिगत बैठक होगी। इससे पहले 2019 की फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में आरबीआई ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने इस सप्ताह की शुरूआत में ही अपनी रिपोर्ट में कहा था कि मार्च तिमाही की जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी पर रह सकती है। साथ ही रिपोर्ट में बताया गया था कि जीवीए ग्रोथ 6 फीसदी या मामूली गिरावट के साथ 6 फीसदी या 5.9 फीसदी रह सकती है। इसके अनुसार 2018-19 की जीडीपी ग्रोथ दर 6.9 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि अपेक्षित मंदी के कारण आरबीआई द्वारा अपनी आगामी नीति में 35 से 50 आधार अंकों की बड़ी कटौती की उम्मीद है। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक के अध्यक्ष (उपभोक्ता बैंकिंग) शांति एकंबरम ने कहा है कि लोकसभा चुनावों में निर्णायक जनादेश आया है जो यह बताता है कि, सरकार का ध्यान अब मजबूत नीतियों की तरफ जाएगा। सरकार की राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां विकास को गति देने, खपत को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने की दिशा में रहेंगी। एकंबरम के अनुसार लिक्विडिटी के उपायों के साथ ही दरों में कटौती की भी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि, 25 से 50 बीपीएस तक रेट कट हो सकते हैं।

**आपका जीवन हो दूसरों के लिए एक मिसालः ऊर्जा गुरु अरिहंत ऋषि**

नई दिल्ली। हम किसी भी आध्यात्मिक परंपरा को उठाकर देख लें, हमें एक ऐसे प्रबुद्ध गुरु की तलाश होती है जिन्होंने अपनी शिक्षा द्वारा लोगों के जीवन को रोशन करने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया हो। जीवन जीने और एक आशावादी जीवन जीने में हमारे आसपास की चीजों का बहुत महत्व होता है। हम एक ऐसे समाज का हिस्सा है जहां अच्छे-बुरे हर प्रकार के लोग मौजूद हैं। अब सवाल ये है कि यदि हम सामाजिक होते हुए, लोगों को बेहतर बनाना चाहते हैं तो क्या हम खुद में कोई बेहतर बदलाव लाने के लिए तैयार हैं?

THE SEA EXPRESS www.theseaexpress.com

एटा City

**आसमान से बरसी आग, आफत बनी गर्मी**

एटा। भीषण गर्मी का असर गुरुवार को कुछ ऐसा महसूस हुआ, मानो आसमान से आग बरस रही हो। धूप और लू आग की तरह ही झुलसन का अहसास करा रही थी। जिसके चलते लोगों को दोपहर में बाहर निकलने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। अधिकतम तापमान 46 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी के तेवर हर दिन और तीखे होते जा रहे हैं। मई का अंत आते-आते यह चरम पर पहुंचती महसूस हो रही है। लगातार चढ़ता तापमान लोगों को बेहाल बनाए हुए है। धूप और लू किसी आफत से कम साबित नहीं हो रही। गुरुवार को भी सुबह से ही मौसम का मिजाज गर्म ही था। सूर्यदेव भी निकलने के बाद बहुत जल्द ही धूप के जरिए आग बरसाने लगे। जिसके चलते सुबह 10 बजे तक ही दोपहर जैसा अहसास होने लगा। समय और बढ़ने पर धूप का सामना करना मुश्किल हो गया। तल्ख धूप के साथ ही लू के थपेड़े भी झुलसाने में कसर नहीं छोड़ रहे थे। जरूरी कामों से बाहर निकलना जिन लोगों की मजबूरी थी वो अंगोछा, कैप, स्टॉल आदि से चेहरा व सिर पूरी तरह कवर किए हुए थे। जबकि छोटे-मोटे काम के लिए तो लोग हिम्मत ही नहीं जुटा सके। आलम यह था कि दोपहर के समय शहर के व्यस्ततम मार्ग जीटी रोड पर भी यातायात काफी कम था और कई बार सन्नाटे जैसी स्थिति नजर आई। ग्राहकों के अभाव में मुख्य बाजारों में भी रौनक नहीं दिखी।

# ट्रांसफॉर्मर फुंकने से आधा दर्जन इलाकों में मचा हा-हाकार

## आग उगलते मौसम में बिजली उपकरणों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया



एटा। आग उगलते मौसम में बिजली उपकरणों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। बुधवार रात जहां शहर के मेहता पार्क पर लगा विद्युत ट्रांसफारमर फुंक गया तो किदवई नगर में विद्युत केबिल जल गईं, जिसके चलते शहर के आधा दर्जन से अधिक इलाकों में रात भर अंधकार छाया रहा। पूरी रात बिजली न आने से इन क्षेत्रों में हा-हाकार मचा रहा। रात मुश्किल से गुजरी। वहीं सुबह लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा।

रात 11 बजे शहर के मेहतापार्क निकट लगा 220 केवीए का विद्युत ट्रांसफारमर में कुछ गड़बड़ी आ गई। स्थानीय लोगों ने महकमे के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, तो रात में ही सही किए जाने की कवायद होने लगी। मगर ट्रांसफारमर ठीक होने के बजाय रात 1 बजे जल उठा। ट्रांसफारमर के फुंकने से इस क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक इलाकों में रातभर अंधकार छाया रहा। गर्मी से बैचेन लोगों को पूरी रात छतों पर टहलकर व्यतीत करने को विवश होना पड़ा। घरों के छोटे बच्चों का तो सबसे बुरा हाल रहा। वे गर्मी और वातावरण की तपिश से अकुलाते रहे। इधर शहर के किदवई नगर में भी ओवरलोड के कारण विद्युत केविल ब?र्स्ट होने से शाम 6 बजे से विद्युत सप्लाई बाधित बनी रही। जो पूरी रात नही आई। इसके चलते इस क्षेत्र से जुड़े कैलाशगंज, तहसील रोड, रैवाड़ी मुहल्ला, होली मुहल्ला में नागरिकों को भारी परेशानी से रूबरू होना पड़ा। गुरुवार दोपहर तक बिजली न आने के कारण पेयजल को लेकर सुबह त्राहिमाम के हालात रहे। हैंडपंपों से भी लोगों को निराश होना पड़ा।

# गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई



एटा। जिले के सभी 1678 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती की गोदभराई की रस्म कर उन्हें पोषण संबंधी जानकारी दी गई।

सकीट ब्लॉक के मलावन व मारहरा क्षेत्र के अमीरपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रमों में डीपीओ सत्यप्रकाश पांडेय पहुंचे। उन्होंने भी दोनों केंद्रों पर 21 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कराई। डीपीओ ने कहा कि महिला व उसके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए गर्भावस्था बहुत ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान उसको अतिरिक्त देखभाल, पोषण, आराम व स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत होती है। इस अवस्था में मिलने वाला पोषण महिला के साथ शिशु के समग्र विकास के लिए बहुत जरूरी है। गर्भवती महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य पर संयुक्त रूप से स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस विभाग द्वारा नजर रखी जाती है और निर्धारित सेवाएं प्रदान की जाती हैं। गुरुवार को सभी केंद्रों पर इस दिवस के अंतर्गत गोदभराई के साथ ही गर्भवती व भ्रूण के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल गीत गाए गए। जागरूकता बैठक कर जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पोषण विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा, स्वस्थ भारत प्रेरक रजत कुमार, परियोजना अधिकारी राजीव कुमार व सोनी कुशवाह, मुख्य सेविका संध्या चौहान, विमला यादव, मिथलेश यादव, पोषण सखी कंचन पांडेय, रीना यादव व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जिला अस्पताल की बदहाली देख डीएम तमतमाए

## सीएमएस को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को सात दिन का दिया अल्टीमेटम

एटा। कई दिनों से अपनी अव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में छाए जिला अस्पताल का जायजा लेने गुरुवार को डीएम पहुंचे। बदहाली देख तमतमा गए। न ओपीडी में डॉक्टर थे और न इमरजेंसी में ही उचित व्यवस्था थी। कई मरीज दवा, डॉक्टर, इलाज न मिलने की शिकायतें कर रहे थे। इसे लेकर डीएम ने सीएमएस को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को सात दिन का अल्टीमेटम दिया।

जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं कई दिनों से पटरी से उतरी हुई हैं। ओपीडी में डॉक्टर बैठते ही नहीं। कई चिकित्सक हफ्ते में दो-तीन दिन ही आते हैं। जिसके चलते मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन अव्यवस्थाओं को लेकर लगातार खबरें भी चल रही थीं। हकीकत परखने गुरुवार दोपहर के समय डीएम आइपी पांडेय जिला अस्पताल पहुंचे।

सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड को चेक किया। इसके बाद ओपीडी पहुंचे तो वहां अधिकांश कक्ष खाली पड़े मिले। बताया गया कि केवल डॉ. अतुल सारस्वत अनुपस्थित हैं। अन्य डॉक्टर उपस्थित होते हुए भी ओपीडी में नहीं थे। इस स्थिति को लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। सख्त लहजे में कहा कि 10 से 2 बजे तक सर्वाधिक संख्या में मरीज आते हैं, इस समय डॉक्टरों की उपस्थित हर हाल में रहनी चाहिए। इसके बाद डीएम ने हीमोडायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया। यहां बिना नेफ्रोलॉजिस्ट के डायलिसिस किए जाने को लेकर चिता जताई। कहा कि यह तो मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस दौरान कई मरीजों ने डीएम को बताया कि उन्हें दवा नहीं मिल रही और भर्ती नहीं किया जा रहा।

इस पर भी डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। सीएमएस डॉ. राजेश अग्रवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिन में अस्पताल की सभी व्यवस्था संभाल लें। उनके एटा में न रहने को लेकर भी हिदायत दी कि लखनऊ भागने की आदत छोड़ दें। इस दौरान डिप्टी कलक्टर अबुल कलाम भी मौजूद रहे।



**Sea TV Network Limited**

Regd.Office : 148, Manas Nagar, Shahganj, Agra-282010
Ph. : +91-562-4036666, Fax : +91-562-2511070
Website : www.seatvnetwork.com Email ID : cs@seatvnetwork.com
CIN : L92132UP2004PLC028650

**STATEMENT OF AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2019**

(Rs.In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | | Year Ended | |
| | (31/03/2019) | (31/12/2018) | (31/03/2018) | (31/03/2019) | (31/03/2018) | (31/03/2019) | (31/03/2018) |
| | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited |
| Total income from operations | 337.95 | 305.90 | 424.93 | 1,255.09 | 1,439.58 | 1,393.29 | 1,665.84 |
| Net Profit / (Loss) From Ordinary activities after tax | (599.33) | (45.72) | (732.83) | (763.01) | (1,689.25) | (1,012.79) | (2,041.03) |
| Net Profit / (Loss)for the period after tax (after Extraordinary items) | (599.33) | (45.72) | (732.83) | (763.01) | (1,689.25) | (1,012.79) | (2,041.03) |
| Total Comprehensive Income/(Loss) for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (822.31) | (45.72) | (1,111.84) | (985.99) | (2,068.27) | (1,007.78) | (2,034.46) |
| Equity paidup share capital | 1,202.00 | 1,202.00 | 1,202.00 | 1,202.00 | 1,202.00 | 1,202.00 | 1,202.00 |
| Earnings per share (Not annualised) : | | | | | | | |
| Basic ( . ) | (4.99) | (0.38) | (6.10) | (6.35) | (14.05) | (8.43) | (16.98) |
| Diluted ( . ) | (4.99) | (0.38) | (6.10) | (6.35) | (14.05) | (8.43) | (16.98) |

1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee & approved by the Board of Directors at their respective meetings held on May 30, 2019. The financial results for the quarter and year ended March, 31st 2019 have been audited by the Statutory Auditors of the Company

2. The statutory auditors of the company in their audit report for the year ended 31st March 2019 have expressed qualification, regarding non provisioning of interest on loan outstanding amounting to Rs 10,70,75,604/- leading to under reporting of losses by Rs 10,70,75,604/- and under reporting of negative balance in other equity by Rs 10,70,75,604/-
The management of the company is of opinion that since restructuring proposal for outstanding loans of the company being declared as Non Performing Assets is underway, therefore, the company may get sizeable concessions on account of interest, hence, not provided.

3. The above is an extract of the detailed format of audited standalone and consolidated Quarterly and yearly Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the audited standalone and consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website, www.bseindia.com and on the company website www.seatvnetwork.com

For Sea TV Network Limited

Place : AGRA
Date : 30-05-2019

Neeraj Jain
(Chairman & Managing Director)